


[Secretly Greatly (2013) BluRay 1080p 5.1CH X264 Ganool]



# डेथ बुक-2 के बाद आगरा को अब दंड से उम्मीदें

- कांस फिल्म फेस्टिवल पहुंचने वाले शहर के निर्माता रोहित गुप्ता ने बनाई उसी स्तर की एक और फिल्म
- जल्द एडिटिंग होकर स्क्रिनिंग के लिए होगी तैयार, पिछली फिल्म को मिली थी अंतर्राष्ट्रीय सराहना

**DLA News**

चंबल क्षेत्र में फिल्म दंड की शूटिंग के दौरान एक दृश्य को कैमरे में कैद करते निर्माता-निर्देशक रोहित गुप्ता। दूसरे चित्र में फिल्म में ग्रामीण की भूमिका में कलाकार रवि परिहार और राहुल पारशर।

**आगरा।** एक बार फिर से शहरवासियों को खुश होने का मौका मिलने की उम्मीद है। एक बार फिर से ताज से इतर शहर की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उभरने के अवसर कायम हो सकते हैं। फ्रांस में होने वाले कांस फिल्म फेस्टिवल में विगत वर्ष आगरा की नुमाइंदगी करने वाले निर्माता- निर्देशक रोहित गुप्ता एक बार फिर इसी प्रयास में जुटे हुए हैं। फ्यूजन बिल्स प्रोडक्शन के बैनर तले रोहित ने दंड नाम से एक शॉर्ट फिल्म तैयार की है। फिल्म की शूटिंग का काम पूरा हो गया है। बस एडिटिंग और डबिंग रह गई है। फिल्म के बाबत रोहित ने डीएलए को बताया कि पिछली शॉर्ट फिल्म डेथ बुक-2 कांस फिल्म फेस्टिवल में कॉर्नर डिस्प्ले के लिए चयनित हुई थी। प्रदेश से कांस तक पहुंचने वाली पहली फिल्म डेथ बुक- 2 थी। उसी अनुभव को फिर आधार बनाकर फिल्म दंड तैयार की है। फिल्म की कहानी देश के पिछड़े इलाकों में फैले अंधविश्वासों पर आधारित है। कुप्रथा के कारण या किसी भ्रांति के कारण किसी महिला को डायन समझना, ऊपरी चक्कर, भूत चढ़ना जैसी सोच देश की एक गलत तस्वीर उजागर करती है। इसी सोच के चलते पीड़ित पर क्या गुजरती है, ये फिल्म में दर्शाया गया है। रोहित का विश्वास है कि इस बार फिल्म डिस्प्ले के साथ कांस या अन्य अंतर्राष्ट्रीय समारोह में अवार्ड जरूर जीतेगी। बता दें कि फिल्म की अधिकांश शूटिंग चंबल के गांव में हुई है। फिल्म में स्थानीय कलाकारों ने अभिनय किया है। रियलिस्टक सिनेमा पर आधारित फिल्म कुल 15 से 20 मिनट की होगी।

[Secretly Greatly (2013) BluRay 1080p 5.1CH X264 Ganool]

DOWNLOAD

